# व्हाट्सएप चैटबॉट से चुटकी में होगी खाद की बुकिंग

अदनान खान

**सलामतपुर, 20 अगस्त. किसानों को खाद की किल्लत और लंबी लाइनों से मुक्ति दिलाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है. राज्य में उर्वरक वितरण की पुरानी हाइब्रिड व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है.**



अब केवल 'ई-विकास 2.0' पोर्टल और डिजिटल माध्यमों के जरिए ही खाद की बिक्री की प्रक्रिया संचालित की जाएगी. इस नई व्यवस्था के लागू होते ही सलामतपुर क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में स्थानीय सहकारी समिति और खाद गोदामों पर पहुंचे. सलामतपुर की सहकारी समिति से लगभग 28 गांवों के 1,900 किसान जुड़े हुए हैं, जो इस नई प्रणाली की बारीकियों को समझने के लिए उत्सुक दिखे.

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने किसानों की सहूलियत के लिए एक विशेष व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा शुरू की है. अब किसानों को खाद का टोकन लेने के लिए सुबह से कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी. वे घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन से आसानी से उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे. कृषि विभाग के आधिकारिक व्हाट्सएप बिज़नेस डब्लूएबीए नंबर पर केवल हेल्प या फर्टिलाइजर लिखकर संदेश भेजने से यह सेवा तुरंत शुरू हो जाती है.

### व्हाट्सऐप से करें खाद की बुकिंग

विभाग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार किसान नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके आसानी से अपना उर्वरक टोकन प्राप्त कर सकते हैं:

- **चैट की शुरुआत:** अपने मोबाइल से व्हाट्सऐप नंबर पर हेल्प या फर्टिलाइजर भेजें.
- **आधार पहचान:** अपना पंजीकृत आधार नंबर दर्ज करें.
- **ओटीपी सत्यापन:** आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को दर्ज करके पहचान सत्यापित करें.
- **प्रोफ़ाइल जांच:** सत्यापन के बाद स्क्रीन पर दिख रहे अपने प्रोफाइल विवरण की पुष्टि करें.
- **ज़िले का चयन:** अपनी पंजीकृत कृषि भूमि का विवरण जांचें और संबंधित जिले का चयन करें.
- **फसल और खसरा विवरण:** पात्रता वाली भूमि/खसरा संख्या के अनुसार बोई जाने वाली फसल चुनें और जानकारी सुरक्षित करें.
- **खाद की मात्रा:** आवश्यक उर्वरक का प्रकार (जैसे यूरिया, डीएपी) और उसकी मात्रा चुनें.
- **सेंटर और तिथि का चयन:** अपने ब्लॉक, रिटेलर (खाद विक्रेता), कंपनी और खाद उठाने की सुविधा अनुसार तिथि चुनें.

# बस किराया बढ़ने से छात्रों की पढ़ाई पर संकट

- बुंदेलखंड छात्र संगठन ने सीएम नाम ज्ञापन सौंपा
- पुरानी दरों पर बस सुविधा देने की मांग



नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 20 अगस्त. मध्यप्रदेश में बस किराए में बढ़ोतरी के बाद ग्रामीण क्षेत्रों से आकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई है.छात्रों का कहना है कि बढ़े किराए के कारण रोजाना कॉलेज आना-जाना मुश्किल हो रहा है और कई छात्रों के सामने पढ़ाई छोड़ने तक की स्थिति बन रही है.**

समस्या को लेकर बुंदेलखंड छात्र संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बढ़ा हुआ किराया वापस लेने की मांग की. संगठन प्रमुख सत्येंद्र शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश छात्रों के अभिभावक किसान या दिहाड़ी मजदूर हैं.सीमित आय में परिवार का खर्च चलाने के साथ बच्चों की फीस, किताबों और आवागमन का खर्च उठाना पड़ता है.ऐसे में बस किराए में हुई बढ़ोतरी ने परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है.संगठन ने मुख्यमंत्री से छात्रहित में बस किराए की बढ़ी दरें तत्काल वापस लेने और छात्रों को पुरानी दरों पर यात्रा की सुविधा देने की मांग की है.संगठन का कहना है कि सरकार को छात्रों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का जल्द समाधान करना चाहिए, ताकि किराए के कारण किसी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो.

# भतीजों ने चाचा-चाची को लाठियों से पीटा

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 20 अगस्त. रिश्ते जब जमीन के टुकड़े और लालच की भेंट चढ़ते हैं, तो खून के रिश्ते भी पल भर में दुश्मन बन जाते हैं. ऐसा ही मामला सलामतपुर थाना क्षेत्र के बरौला गांव से सामने आया है.**



यहां पैतृक खेत के बंटवारे को लेकर भतीजों ने लाठी-डंडों से अपने सगे चाचा पर जानलेवा हमला बोल दिया, और जब उन्हें बचाने चाची बीच में आईं, तो उनके साथ भी मारपीट की. मारपीट से दंपति घायल हो गए.

पुलिस के मुताबिक, बरौला गांव के सूरज आदिवासी (पिता नन्नूलाल आदिवासी) का अपने सगे भतीजों रोहित आदिवासी और राज आदिवासी पिता मूलचंद आदिवासी के साथ लगभग 3 एकड़ कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था. पहले दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, इसके बाद रोहित और उसके भाई राज ने अपने चाचा सूरज पर डंडों से हमला कर दिया. जब सूरज की पत्नी सीता बाई अपने पति को बचाने दौड़ीं, तो भतीजों ने उन पर भी डंडों से हमला कर दिया. इस मारपीट में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए. दोनों घायलों को सलामतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण और प्राथमिक उपचार किया गया. इसके बाद सूरज आदिवासी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भतीजों रोहित आदिवासी और राज आदिवासी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), और 3/5 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# सड़वाकोल नाला उफान पर, बांदा मार्ग बंद



नवभारत न्यूज

**लवकुश नगर, 20 अगस्त. गौरिहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजासिन में बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद सड़वाकोल-बांदा मार्ग पर स्थित नाला उफान पर आ गया. नाले के रपटा के ऊपर करीब 5 से 6 फीट पानी बहने के कारण मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया.पानी का बहाव तेज होने से पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.**

नाले में अचानक बढ़े जलस्तर की सूचना मिलते ही सरबई थाना पुलिस एवं डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया.पुलिस ने राहगीरों एवं वाहन चालकों को तेज बहाव के बीच रपटा पार नहीं करने की समझाइश दी.पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की कि जान जोखिम में डालकर पानी पार करने का प्रयास न करें और जलस्तर कम होने का इंतजार करें.

रपटा के ऊपर तेज गति से पानी बहने के कारण सड़वाकोल-बांदा मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है. इससे आसपास के करीब दो दर्जन गांवों के लोगों का संपर्क प्रभावित हुआ है. ग्रामीणों और राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लगातार बारिश के चलते नाले का जलस्तर और बढ़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. प्रशासन की ओर से भी लोगों से अपील की गई है कि बारिश के दौरान नदी-नालों और रपटों के जलभराव वाले स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें.

# बिजली तार चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 अगस्त .** ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली के तार चोरी की घटनाओं का मंडी पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 2.5 क्विंटल बिजली के तार सहित बाइक, रस्सा और कटर बरामद किए हैं. जब्त सामान की कुल कीमत करीब 2.50 लाख रुपए बताई गई है.



जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को भटोनी, जताखेड़ा, लालाखेड़ी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तार चोरी की घटनाओं की सूचना मिली थी. पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की. आरोपियों ने बिजली के तार चोरी करना स्वीकार किया. आरोपी दिन में गांवों में जाकर रेकी करते थे और रात में तार चोरी की वारदात को अंजाम देते थे. आरोपी रस्सी की मदद से बिजली के तार को झुकाकर आरी और कटर से काटकर चोरी करते थे. चोरी किए गए तार कबाड़ी को बेचने की बात भी सामने आई. आरोपियों की निशानदेही पर कबाड़ी सलमान कुरैशी को भी गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने मुकेश शाक्य, उत्तम शाक्य, रंजीत ठाकुर तथा सलमान कुरैशी निवासी मछली बाजार को गिरफ्तार कर लिया है.


# साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

''मिनी रत्न कम्पनी''

(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांकः एस.ई.सी.एल./सो.क्षे./उ.क्षे.प्र./खैरहा/2026-27/151

## सूचना

दिनांक 16.06.2026

एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत खैरहा भूमिगत खदान हेतु ग्राम **खन्नाथ**, तहसील बुढार, जिला शहडोल की अर्जित निजी भूमि के अंतर्गत अधोलिखित दर्शाए गए भूमि स्वामियों के नाम, भूमि आश्रितों के विभिन्न दस्तावेजों के अनुसार नाम का विवरण निम्नानुसार हैं –

| उपरोक्त अधिसूचना के तहत ग्राम खन्नाथ के अर्जित खसरों का रकवा एवं भूमि स्वामियों का विवरण निमानुसार है - | | | | | | | | | | | | | | | भूमि आश्रित का दस्तावेजों में नाम | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भूमि स्वामी क्र. | धारा 9 (1) अधिसूचना वर्ष 2016-17 का खसरा क्रमांक | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | धारा 9 (1) अधिसूचना के समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | अवार्ड का मुआवजा पत्रक 1(A) क्रमांक | खसरा नंबर | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरे का रकवा (हे.) | खसरा के अनुसार अर्जित रकवा (हे.) | रेवन्यू रिकार्ड के अनुसार खसरों का कुल रकवा (हे.) | कुल अर्जित रकवा (हे.) | मुआवजा पत्रक 1(A) के अनुसार भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | मुआवजा भुगतान के समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करते समय भूमि स्वामी और पिता/पति का नाम | रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम, भूमि स्वामी से संबंध और जाति | आधार कार्ड में नाम | रोजगार पंजीयन में नाम | राशन कार्ड में नाम | निवास प्रमाण पत्र में नाम | जाति प्रमाण पत्र में नाम | शिक्षा प्रमाण पत्र में नाम |
| 1 | 263/1 | 0.866 | 0.866 | रामाधार पिता रघुनंदी | 251 | 263/1 | 0.866 | 0.866 | 0.866 | 0.866 | रामाधार पिता रघुनन्दी | रामाधार पिता रघुनन्दी | रामाधार पिता रघुनन्दी | 1. नीरज कुमार पटेल पिता अभय प्रसाद पटेल, संबंध – पोता, जाति – कुर्मी (अ.पि.व.) | नीरज कुमार पटेल पिता अभय प्रसाद पटेल | Neeraj Kumar Patel | नीरज कुमार पटेल पिता अभय कुमार पटेल | नीरज कुमार पटेल पिता अभय प्रसाद पटेल | नीरज कुमार पटेल पिता अभय प्रसाद पटेल | Neeraj Kumar Patel s/o Abhay Prasad Patel |
| 2 | 137 | 0.085 | 0.085 | प्रेमलाल, भूपत बाबी, पार्वती, कल्याणवती, सुलोचना पिता राममिलन | 129 | 259/1/1 | 0.030 | 0.030 | 0.194 | 0.194 | प्रेमलाल पिता राममिलन | प्रेमलाल पिता राममिलन पटेल | प्रेमलाल पिता राममिलन पटेल | 1. अनुराग कुमार पटेल पिता संतोष पटेल संबंध – पोता, जाति – कुर्मी (अ.पि.व.) | अनुराग कुमार पटेल पिता संतोष पटेल | Anurag Kumar Patel | अनुराग पटेल पिता संतोष पटेल | अनुराग कुमार पटेल पिता संतोष पटेल | अनुराग कुमार पटेल पिता संतोष पटेल | Anurag Kumar Patel s/o Santosh Patel |
| | 259 | 0.235 | 0.235 | | | 380/1 | 0.021 | 0.021 | | | | | | | | | | | | |
| | 363 | 0.105 | 0.105 | | | 485/1/1 | 0.009 | 0.009 | | | | | | | | | | | | |
| | 380 | 0.085 | 0.085 | | | 488/1 | 0.040 | 0.040 | | | | | | | | | | | | |
| | 485 | 0.291 | 0.291 | | | 494/1/1 | 0.031 | 0.031 | | | | | | | | | | | | |
| | 488 | 0.271 | 0.271 | | | 1240/1 | 0.044 | 0.044 | | | | | | | | | | | | |
| | 494 | 0.247 | 0.247 | | | 179/1/1 | 0.019 | 0.019 | | | | | | | | | | | | |
| | 1234 | 0.085 | 0.085 | | 211 | 259/1/2 | 0.029 | 0.029 | 0.303 | 0.303 | राजेंद्र प्रसाद पिता प्रेमलाल | राजेंद्र प्रसाद पिता प्रेमलाल | राजेंद्र प्रसाद पिता प्रेमलाल | 2. सतीष पटेल पिता सत्रुहन प्रसाद पटेल संबंध – पोता, जाति – कुर्मी (अ.पि.व.) | सतीष पटेल पिता सत्रुहन प्रसाद पटेल | Sateesh Patel | सतीष पटेल | सतीष पटेल पिता सत्रुहन प्रसाद पटेल | सतीष पटेल पिता सत्रुहन प्रसाद पटेल | सतीष पटेल पिता सत्रुहन प्रसाद पटेल |
| | 1240 | 0.174 | 0.174 | | | 380/2 | 0.021 | 0.021 | | | | | | | | | | | | |
| | 179 | 0.154 | 0.154 | अनंतिया बगैरह बशरह नं. 137 भू स्वामी | | 485/1/2 | 0.010 | 0.010 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 488/2 | 0.149 | 0.149 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 494/1/2 | 0.031 | 0.031 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 1240/2 | 0.043 | 0.043 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 179/1/2 | 0.020 | 0.020 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 157 | 259/1/3 | 0.029 | 0.029 | 0.194 | 0.194 | भरत पिता प्रेमलाल पटेल | भरत पिता प्रेमलाल पटेल | भरत पिता प्रेमलाल पटेल | | | | | | | |
| | | | | | | 380/3 | 0.021 | 0.021 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 485/1/3 | 0.010 | 0.010 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 488/3 | 0.041 | 0.041 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 494/1/3 | 0.031 | 0.031 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 1240/3 | 0.043 | 0.043 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 179/1/3 | 0.019 | 0.019 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 278 | 259//1/4 | 0.029 | 0.029 | 0.194 | 0.194 | सत्रुहन प्रसाद पिता प्रेमलाल | | सत्रुहन प्रसाद पिता प्रेमलाल पटेल | | | | | | | |
| | | | | | | 380/4 | 0.022 | 0.022 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 485/1/4 | 0.009 | 0.009 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 488/4 | 0.041 | 0.041 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 494/1/4 | 0.030 | 0.030 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 1240/4 | 0.044 | 0.044 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 179/1/4 | 0.019 | 0.019 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | 163 | 137 | 0.085 | 0.085 | 0.847 | 0.847 | भूपत पिता राममिलन | भूपत पिता राममिलन पटेल | भूपत पिता राममिलन पटेल | | | | | | | |
| | | | | | | 259/2 | 0.118 | 0.118 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 363 | 0.105 | 0.105 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 485/2 | 0.253 | 0.253 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 494/2 | 0.124 | 0.124 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 1234 | 0.085 | 0.085 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | 179/2 | 0.077 | 0.077 | | | | | | | | | | | | |
| 3 | 216 | 0.146 | 0.146 | मोलिया बेवा बल्देव, मिथुन कुमार, सुनील, सुमित्रा, उर्मिला, राधा पिता बल्देव, सुखनी गुलजरिया पिता अमृतलाल, जिनतिया बेवा अमृतलाल सुजनता बेवा केशव, संतोष, संदीप, संजू पिता केशव रामनारायण महेन्द्र, मिथिला, सरस्वती, राजेश्वरी पिता ददनू, रामकली बेवा ददनू, भिमसेनिया पत्नी देवीप्रसाद रामप्रकाश, लीलाबाई, गायत्री, चैती पिता देवीप्रसाद, रामाधार पिता रघुनंदी, रामप्यारी बेवा हीरालाल, साक्षी, अंजली, अन्नपूर्णा, हिमांशू पिता हीरालाल नाबालिक जरिये सरपरस्त माता रामप्यारी | 188 | 216 | 0.146 | 0.146 | 1.251 | 1.251 | मोलिया बेवा बल्देव, मिथुन कुमार, सुनील, सुमित्रा, उर्मिला, राधा पिता बल्देव, सुखनी गुलजरिया पिता अमृतलाल, जिनतिया बेवा अमृतलाल सुजनता बेवा केशव, संतोष, संदीप, संजू पिता केशव रामनारायण महेन्द्र, मिथिला, सरस्वती, राजेश्वरी पिता ददनू, रामकली बेवा ददनू, भिमसेनिया पत्नी देवीप्रसाद रामप्रकाश, लीलाबाई, गायत्री, चैती पिता देवीप्रसाद, रामाधार पिता रघुनंदी, रामप्यारी बेवा हीरालाल, साक्षी, अंजली, अन्नपूर्णा, हिमांशू पिता हीरालाल नाबालिक जरिये सरपरस्त माता रामप्यारी | साक्षी पिता हीरालाल, अन्नपूर्णा पिता हीरालाल, सरस्वती पिता ददनू, संजू पिता केशव, हिमांशू नाबालिक पिता हीरालाल, लीलाबाई पिता देवी प्रसाद, मिथुन कुमार पिता बल्देव, रामप्यारी बेवा हीरालाल, गुलजरिया पिता अमृतलाल, अंजली पिता हीरालाल, मोलिया बेवा बल्देव, राधा पिता बल्देव रामनारायण पिता ददनू, संतोष पिता केशव, मिथिला पिता ददनू, राजेश्वरी पिता ददनू, धर्मेंद्र माता सुखनी पटेल, रुपा माता सुखनी पटेल, संदीप पिता केशव, उर्मिला पिता बल्देव, महेन्द्र पिता ददनू, सुजनता बेवा केशव, गायत्री पिता देवी प्रसाद, रामप्रकाश पिता देवी प्रसाद, सुमित्रा पिता बल्देव, सुनील पिता बल्देव, रामाधार पिता रघुनंदी, चैती पिता देवी प्रसाद | साक्षी पिता हीरालाल, अन्नपूर्णा पिता हीरालाल, सरस्वती पिता ददनू, संजू पिता केशव, हिमांशू नाबालिक पिता हीरालाल, लीलाबाई पिता देवी प्रसाद, मिथुन कुमार पिता बल्देव, रामप्यारी बेवा हीरालाल, गुलजरिया पिता अमृतलाल, अंजली पिता हीरालाल, मोलिया बेवा बल्देव, राधा पिता बल्देव रामनारायण पिता ददनू, संतोष पिता केशव, मिथिला पिता ददनू, राजेश्वरी पिता ददनू, धर्मेंद्र माता सुखनी पटेल, रुपा माता सुखनी पटेल, संदीप पिता केशव, उर्मिला पिता बल्देव, महेन्द्र पिता ददनू, सुजनता बेवा केशव, गायत्री पिता देवी प्रसाद, रामप्रकाश पिता देवी प्रसाद, सुमित्रा पिता बल्देव, सुनील पिता बल्देव, रामाधार पिता रघुनंदी, चैती पिता देवी प्रसाद | 1. संतोष कुमार पटेल पिता केशव प्रसाद पटेल संबंध – स्वयं, जाति – कुर्मी (अ.पि.व.) | संतोष कुमार पटेल पिता केशव प्रसाद पटेल | Santosh Kumar Patel | संतोष कुमार पटेल पिता केशव प्रसाद पटेल | सन्तोष कुमार पटेल पिता केशव प्रसाद पटेल | सन्तोष कुमार पटेल पिता केशव प्रसाद पटेल | Santosh Kumar Patel s/o Keshav Prasad Patel |
| | 264 | 0.450 | 0.450 | | | 264 | 0.450 | 0.450 | | | | | | 2. ऋषभ पटेल पिता रामप्रकाश पटेल संबंध – पुत्र, जाति – कुर्मी (अ.पि.व.) | ऋषभ पटेल पिता रामप्रकाश पटेल | Rishabh | ऋषभ पटेल पिता रामप्रकाश पटेल | ऋषभ पटेल पिता रामप्रकाश पटेल | ऋषभ पटेल पिता रामप्रकाश पटेल | Rishabh Patel s/o Ramprakash Patel |
| | 412 | 0.343 | 0.343 | | | 412 | 0.343 | 0.343 | | | | | | | | | | | | |
| | 450 | 0.166 | 0.166 | | | 450 | 0.166 | 0.166 | | | | | | | | | | | | |
| | 1171/1 | 0.146 | 0.146 | | | 1171/1 | 0.146 | 0.146 | | | | | | | | | | | | |
| 4 | 348 | 0.214 | 0.214 | भिमसेनिया पिता गोजवा, फुलझरिया पति रघोशरण, पूरन, लालमन, राजेश, सिया, सूखी पिता रघोशरण, सीताराम, पवन पिता राजमल, पार्वती पत्नी निर्मल, सुभाष पिता निर्मल पटेल | 160 | 348 | 0.214 | 0.214 | 0.214 | 0.214 | भिमसोनिया पिता गोजवा, फुलझरिया पति रघोशरण, पूरन, लालमन, राजेश, सिया, सूखी पिता रघोशरण, सीताराम, पवन पिता राजमल, पार्वती पति निर्मल, सुभाष पिता निर्मल पटेल | गायत्री माता भिमसेनिया पटेल, सीताराम पिता राजमल पटेल, रामप्रकाश माता भिमसेनिया पटेल, पवन पिता राजमल पटेल, सिया पिता राघोशरण पटेल, चेती माता भिमसेनिया पटेल, सूखी पिता राघोशरण पटेल, राजेश पिता राघोशरण पटेल, सुभाष पिता निर्मल पटेल, लालमन पिता रघोशरण पटेल, पार्वती पत्नी निर्मल पटेल, लीला माता भिमसेनिया पटेल, पूरन पिता राघोशरण पटेल, फुलझरिया पति राघोशरण पटेल, | गायत्री माता भिमसेनिया पटेल, सीताराम पिता राजमल पटेल, रामप्रकाश माता भिमसेनिया पटेल, पवन पिता राजमल पटेल, सिया पिता राघोशरण पटेल, चेती माता भिमसेनिया पटेल, सूखी पिता राघोशरण पटेल, राजेश पिता राघोशरण पटेल, सुभाष पिता निर्मल पटेल, लालमन पिता रघोशरण पटेल, पार्वती पत्नी निर्मल पटेल, लीला माता भिमसेनिया पटेल, पूरन पिता राघोशरण पटेल, फुलझरिया पति राघोशरण पटेल, | NA | | | | | | |
| कुल किता 17 | | 4.063 | 4.063 | | कुल किता 42 | | 4.063 | 4.063 | 4.063 | 4.063 | | | | | | | | | | |

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के नाम में विविधता/भू अभिलेख में विविधता एवं रोजगार प्रदान किये जाने के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है तो प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजेंद्रा–खैरहा उपक्षेत्र/महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र के कार्यालय में लिखित रुप में आपत्ति दर्ज कराएं अन्यथा उपरोक्त भूमि स्वामियों/भूमि आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही अग्रेषित कर दी जाएगी।

**उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेन्द्रा खैरहा उपक्षेत्र**